उद्योग बढ़ाने में संपर्क निभाते हैं बड़ी भूमिका : संध्या सेठी

फिक्की में महिला उद्यमियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोलीं

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : उद्योग का विस्तार करने का मूलमंत्र है कि ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाए जाएं। उद्योग को बढ़ाने में ये संपर्क बड़ी भूमिका निभाते हैं। यह बात फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की लाइफ मेंबर संध्या सेठी ने फिक्की में महिला उद्यमियों के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

संध्या ने कहा कि आजकल सोशल मैसेजिंग और सोशल नेटवर्किंग साइटों के बढ़ रहे इस्तेमाल से लोगों से संपर्क करना आसान हो गया है। हालांकि, हममें से ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि संपर्क तो बना लेते हैं पर दोबारा उन लोगों से बात नहीं करते। उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लोगों से बार-बार संपर्क करना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान कॉरपोरेट एटिकेट एंड इंटरनेशनल प्रोटोकॉल कंसल्टेंट शीतल मेहरा ने कहा कि लोगों से संपर्क करना मार्केटिंग योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे नजरंदाज करना उद्योग को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल तकनीक इतनी विकसित हो चुकी है कि लोगों से संपर्क करना बेहद आसान है। लिहाजा, महिला उद्यमियों को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।